आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन–2025 का उद्घाटन करेंगी।
- द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने तीन ग्राम पंचायतों को सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गोद लिया।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर सभागार में कल हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।
- द्वीपसमूह में टूना मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन–2025 का उद्घाटन करेंगी। दो दिन के सम्मेलन में पर्यावरण विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण–एन जी टी कर रहा है। सम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। इन सत्रों का उद्देश्य भारत और विश्व स्तर पर पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक टी एस शिवागननम ने श्री विजयपुरम स्थित कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच का दौरा किया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के ज़ोनल न्यायाधीश सब्यासाची भट्टाचार्य भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान न्यायमूर्ति टी एस शिवागननम ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए कानून की जानकारी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य कानून से जुड़ा हुआ है और उन्हें इस क्षेत्र में लगातार अभ्यास करते रहना चाहिए, ताकि वे समाज में न्याय और अधिकारों की रक्षा कर सके। न्यायाधीश ने कहा कि द्वीपसमूह का सर्किट बेंच देश का ऐसा एकमात्र बेंच है, जिसमें दस वीसी चैम्बर स्थापित किए गए हैं।

इस अवसर पर ज़िला व सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार, न्यायाधीश दीपेन्द्र नाथ मिश्रा और न्यायाधीश अर्काब्रती नियोगी शामिल थे। इसके अलावा कानूनी विशेषज्ञ, न्यायपालिका के अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने तीन ग्राम पंचायतों को आदर्श गांवों में बदलने के लिए सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गोद लिया है। इनमें दक्षिण अंडमान जिले की कोलिनपुर ग्राम पंचायत, मध्योत्तर अंडमान ज़िले की शिबपुर ग्राम पंचायत, और निकोबार जिले का अरोंग गांव शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करना और इनके निवासियों के लिए बेहतर जीवनशैली प्रदान करना है। सांसद ने कहा कि इस पहल के माध्यम से, आवश्यक सेवाओं में सुधार करना, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भर मॉडल गांव बनाना है, जो पूरे द्वीपसमूह के विकास को प्रेरित करेंगी ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के राजभाषा विभाग द्वारा तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव के तहत डॉ. बी. आर. अंबेडकर सभागार में कल हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी, मुख्य अतिथि थे। राजेश 'चेतन', राजेश अग्रवाल, सुदीप 'भोला', मोनिका 'देहलवी' और उपेंद्र पांडे सहित मुख्य भूमि के प्रसिद्ध हास्य कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कवियों ने मनोरंजन के साथ–साथ जीवन की कई चुनौतियों पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करने वाली कविताएं पेश की।

प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, वरिष्ठ अधिकारी और आम जनता भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से गाराचरमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्विकल कैंसर जांच कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य द्वीपसमूह में महिलाओं में सर्विकल कैंसर का शीघ्र पता लगाना और रोकथाम को बढ़ाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने सर्विकल कैंसर को कम करने के लिए नियमित जांच और शीघ्र पता लगाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. शाइनी वर्गीस ने सर्विकल कैंसर जांच के महत्व और महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला।

परिवार कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धाराजू ने महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जांच कार्यक्रमों को मजबूत बनाने पर जानकारी साझा की। मेडिकल टीम ने पांच महिलाओं के लिए कैंसर की जांच कर द्वीपसमूह में इस पहल की शुरूआत की।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने कोचीन के राष्ट्रीय मत्स्य पालन पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान के तकनीकी सहयोग से कल उद्योग विभाग के सम्मेलन कक्ष में भारत सरकार की पहल 'अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में टूना क्लस्टर विकास' के हिस्से के रूप में 'टूना मूल्य संवर्धन' पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षुओं को कार्यशाला के सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने और भविष्य में मछली पकड़ने और कटाई के बाद की गतिविधियों में कौशल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा 'अंडमान निकोबार द्वीप समूह में टूना मूल्य संवर्धन की क्षमता और संभावनाएं' पर तैयार की गई एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कार्यशाला में मछुआरों, मत्स्य सहकारी समितियों, स्वयं सहायत समूह के सदस्यों और पी एम एम एस वाई लाभार्थियों सहित लगभग पचहत्तर हितधारकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र, श्री विजयपुरम की ओर से राज्य विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा ''बाल विवाह और बाल यौन शोषण तथा दुर्व्यवहार'' पर आज आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दिन में ग्यारह बजे तक दूरदर्शन के यू–ट्यूब चैनल पर यह उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के बम्बूफ्लाट क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के कारण आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक की जाएगी।

<><><><><><><>